निरीक्षण | गड़बड़ी मिली तो होगी सख्त कार्रवाई - विधायक अनुभा मुंजारे

# नाला निर्माण पर बवाल : विधायक ने किया औचक निरीक्षण





### निर्माण कार्यों का बारीकी से किया अवलोकन

**नवभारत, बालाघाट।** नगर पालिका परिषद बालाघाट क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर चल रहे निर्माणाधीन नाले और नाली निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, तकनीकी मानकों और कार्यों की प्रगति को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों के बीच विधायक अनुभा मुंजारे और नगर पालिका परिषद के पार्षद दल ने शनिवार को विभिन्न निर्माण स्थलों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान हनुमान चौक, कृष्णा डेयरी रोड, अग्रसेन द्वार, रानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर, गुजरी चौक और रानी अवंतीबाई चौक बस स्टैंड सहित कई स्थानों पर चल रहे निर्माण कार्यों का बारीकी से अवलोकन किया गया।

निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों ने विधायक अनुभा मुंजारे के समक्ष निर्माण कार्यों को लेकर कई गंभीर शिकायतें दर्ज कराईं। नागरिकों का कहना था कि कई स्थानों पर निर्माण कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप नहीं किए जा रहे हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि नालों की चौड़ाई और गहराई स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन के अनुरूप नहीं है, जिससे भविष्य में जल निकासी की समस्या और गंभीर हो सकती है। कई स्थानों पर निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए गए और निम्न स्तर की सामग्री के उपयोग का आरोप लगाया गया।

### अधूरे निर्माण कार्यों से बढ़ रही परेशानी

स्थानीय रहवासियों ने बताया कि बरसात के मौसम के बावजूद कई निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरे पड़े हैं। इससे आवागमन प्रभावित हो रहा है और व्यापारियों के साथ-साथ आम नागरिकों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जगह-जगह खुदाई के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। नागरिकों ने यह भी शिकायत की कि कई स्थानों पर सुरक्षा संबंधी पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं, जिससे रात के समय राहगीरों और वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं : विधायक

निरीक्षण के दौरान विधायक अनुभा मुंजारे और पार्षद दल ने निर्माणाधीन नालों की गुणवत्ता, सीमेंट-कंक्रीट कार्य, लोहे के उपयोग, ढलान, जल निकासी की दिशा और तकनीकी प्रक्रिया का भी अवलोकन किया। विधायक मुंजारे ने कहा कि नगरवासियों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की अनदेखी या स्वीकृत मापदंडों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित एजेंसी, ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर कार्यों की जांच के लिए संबंधित विभागों को पत्र भी लिखा जाएगा।

### पारदर्शिता और क्वालिटी जांच की उठी मांग

वार्डवासियों ने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों से अपेक्षा जताई कि निर्माण कार्य स्वीकृत ड्राइंग और डिजाइन के अनुसार ही कराए जाएं। साथ ही निर्माण सामग्री की स्वतंत्र जांच कराई जाए और यदि कहीं भी अनियमितता पाई जाती है तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस दौरान नगर पालिका परिषद के पार्षद, जनप्रतिनिधि, नगरवासी, नगर पालिका परिषद के सीएमओ और इंजीनियर भी उपस्थित रहे।

# गौ संरक्षण के समर्थन में तेज हुआ हस्ताक्षर अभियान



**नवभारत, परसवाड़ा।** गौ सम्मान आह्वान अभियान' के तहत देशी गौवंश की सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान को लेकर जिलेभर में जनजागरण और हस्ताक्षर अभियान को गति दी जा रही है। अभियान के कार्यकर्ताओं द्वारा गांव-गांव एवं तहसील स्तर पर गौसेवकों, किसानों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत आगामी 27 जुलाई 2026 को जिला कलेक्टर के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति, माननीय प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

अभियान के तहत देशभर में अधिक से अधिक लोगों के हस्ताक्षर एकत्रित कर लोकतांत्रिक एवं अहिंसक तरीके से गौवंश संरक्षण की मांग सरकार तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। ज्ञापन में पूरे देश में गौहत्या पर प्रभावी प्रतिबंध लगाने, गौवंश की सुरक्षा के लिए सशक्त कानून बनाने, गौसेवा के लिए केंद्रीय कानून एवं पृथक मंत्रालय की स्थापना, गोचर भूमि संरक्षण, चारा सुरक्षा नीति और गौ आधारित प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने जैसी मांगें प्रमुख रूप से शामिल रहेंगी।

अभियान को सफल बनाने के लिए प्रत्येक तहसील स्तर पर गौसेवकों की बैठकें आयोजित कर उन्हें अभियान की रूपरेखा से अवगत कराया जा रहा है। साथ ही अधिक से अधिक गौभक्तों को हस्ताक्षर अभियान से जोड़ने के लिए जनसंपर्क भी किया जा रहा है।

इसी कड़ी में बीते दिनों परसवाड़ा के श्री राम मंदिर प्रांगण में बैठक आयोजित की गई। बैठक में वृंदावन से पधारे संत कमल किशोर उपाध्याय, जिन्हें मध्यप्रदेश गौ सम्मान अभियान का सहप्रभारी नियुक्त किया गया है, ने उपस्थित गौसेवकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गौमाता भारतीय संस्कृति, कृषि और सनातन परंपरा की आधारशिला हैं। गौवंश के संरक्षण, पालन-पोषण और गौहत्या पर प्रभावी प्रतिबंध के लिए समाज को संगठित होकर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांग शासन तक पहुंचानी होगी। उन्होंने सभी गौभक्तों से अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने तथा अधिक से अधिक लोगों को हस्ताक्षर अभियान से जोड़ने की अपील की।

उन्होंने कहा कि 27 जुलाई को सभी गौसेवक प्रातः 8 बजे से 9:15 बजे तक 'श्री राम जय राम जय जय राम' विजय मंत्र का संकीर्तन करने के बाद प्रातः 10 बजे जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। अभियान का उद्देश्य देशी गौवंश की सेवा, सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए शासन स्तर पर प्रभावी पहल कराना है।

बैठक में परसवाड़ा क्षेत्र के बड़ी संख्या में गौसेवक एवं गौभक्त उपस्थित रहे। अभियान से जुड़े कार्यकर्ताओं ने सभी नागरिकों से इस जनजागरण अभियान में सहभागी बनकर गौसंरक्षण के लिए हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

### लापता युवक का कुएं में मिला शव

खैरलांजी। क्षेत्र में एक लापता युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार किसान किशन मस्करे के खेत में बने कुएं में एक व्यक्ति का शव मिला है। बताया जा रहा है कि खेत में कार्य कर रहे किसान को कुएं से दुर्गंध आने पर संदेह हुआ। जब उन्होंने पास जाकर देखा तो कुएं में शव दिखाई दिया, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मृतक की पहचान जोगीलाल लिल्हारे (उम्र लगभग 50 वर्ष), पिता उमराव लिल्हारे, निवासी खैरलांजी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार वह पिछले तीन दिनों से लापता था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कुएं से बाहर निकलवाकर पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### धारमारा कैंप के पास सड़क पर पेड़ गिरने से लांजी-सालेटेकरी मार्ग अवरुद्ध

**बालाघाट।** धारमारा कैंप के पास सड़क पर पेड़ गिरने से लांजी-सालेटेकरी मार्ग अवरुद्ध, एसडीएम टीम के साथ मौके पर पहुंचे। लगातार हो रही बारिश के बीच लांजी-सालेटेकरी मार्ग पर धारमारा कैंप के समीप एक बड़ा पेड़ सड़क पर गिर जाने से यातायात बाधित हो गया। पेड़ गिरने के कारण मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया, जिससे दोनों ओर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। घटना की सूचना मिलते ही लांजी के एसडीएम श्री कमल सिंहसार प्रशासनिक टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे।

# सर्ववर्गीय कलचुरी कलार समाज ने करीब 275 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का किया सम्मान



### सफल युवाओं ने कैरियर के बारे में साझा किया अनुभव

**नवभारत, बालाघाट।** जिला क्षत्रिय सर्ववर्गीय कलचुरी कलार समाज बालाघाट द्वारा समाज के गौरवशाली दिवंगत समाजसेवियों की पावन स्मृति में 5 जुलाई रविवार को स्थानीय तुरकर भवन में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। इसमें समाज के जिले के कक्षा 10 वीं व 12 वीं बोर्ड परीक्षा वर्ष 2025-26 में 75 प्रतिशत व उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले व विभिन्न खेल गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिले के करीब 275 प्रतिभावान बच्चों का स्मृति चिन्ह व प्रमाणपत्र देकर सम्मान किया गया। इस दौरान समाज के सफल युवाओं द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को उनके कैरियर के बारे में मोटिवेशन किया गया। उन्होंने अपनी सफलता को लेकर अपने अनुभव भी सांझा किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप में म.प्र शासन के पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल व पूर्व नपाध्यक्ष अनिल धुवारे, प्रमुख अतिथि पूर्व जनपद अध्यक्ष फेकनलाल डोहरे, प्रभारी नपा सीएमओ सूर्यप्रकाश उके, कलार समाज के पूर्व कोषाध्यक्ष यशवंत पिपलेवार, सिविल जज छ.ग. अगन डहाके, प्रोफेसर डॉ. दीपक साहू पालेवार बैतूल, असि. प्रोफे. रितेश सोनवाने, असि. प्रोफे. वरेण्य सिरसाटे, इंजी. सुरेश पिपलेवार, सर्ववर्गीय जिला कलार समाज अध्यक्ष राधेलाल दवने, महिला संगठन अध्यक्ष श्रीमती सरिता केवल सोनेकर, जिला मराठा कलार समाज अध्यक्ष संजीव बाबा धुवारे, जिला डहरवाल कलार समाज अध्यक्ष राजेन्द्र साकरे, झरिया कलार समाज अध्यक्ष केवल सोनेकर, सदनसाव सेवईवार, श्रीमती लता मलघाटी, मंजुषा शिवहरे, जयश्री सोनवाने, सुनील जायसवाल, सुनील पिपलेवार, धमेन्द्र चौकसे, शैलेष चोरठे, पार्षद आशुतोष डहरवाल, पूर्व पार्षद संतोष जायसवाल, महेश केकती, चन्द्रकांत पिपलेवार, हिरदेशाय हिरवाने, सतीश पशीने, धनंजय देशमुख सहित अन्य उपस्थित रहेंगे।

इस दौरान अतिथियों ने कहा कि समाज को एकजुट करने सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। समाज के कमजोर वर्ग के ऐसे बच्चे जो पढ़ाई में अच्छे है लेकिन आर्थिक परेशानी के चलते वे आगे नहीं बढ़ पाते है उनकी मदद के लिए हम सभी का मिलकर प्रयास करना चाहिए।

### विद्यालय के बाजू में लगा है कचरे का अंबार

**चिल्हारी।** मानपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरिया में जहां सरकार एक तरफ स्वच्छता को लेकर के स्वच्छ भारत अभियान चलाया जा रहा है सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर रही है, वही दूसरी ओर ग्राम पंचायत उमरिया (बकेली) विद्यालय के बाजू से ही नाडेप बना है, लेकिन वहां पूरी तरह से कचरा जमा है। ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों की बात करें तो कुंभकरण की निद्रा में सोया हुए हैं, वहीं इसकी घोर निंदा ग्रामीणों ने की है और शासन प्रशासन से गुहार लगाई कि इस समय तरह तरह की बीमारियां फैल रही हैं, वहीं साफ सफाई को लेकर यह एक समस्या नहीं, पूरे पंचायत के अंदर देखा जाए तो हर जगह यही समस्या देखने को मिल रही है।

**साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की मांग**-ग्राम पंचायत उमरिया के ग्रामवासियों ने कहा कि शासन प्रशासन को इस विषय को संज्ञान में लेकर के साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखे ताकि कोई ऐसी बीमारी न विद्यालय के बच्चों को व ग्रामवासियों को हो सके।

# खेत के कुएं में मिला भालू का टुकड़ों में कटा शव, क्षेत्र में सनसनी

**नवभारत, खैरलाँजी।** वन परिक्षेत्र खैरलांजी अंतर्गत भंडारबोड़ी सर्किल के ग्राम पिपरटोला में एक वयस्क नर भालू का क्षत-विक्षत शव खेत के कुएं से बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्रारंभिक जांच में वन विभाग ने भालू के शिकार की आशंका जताई है। मामले में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार, किसान जियालाल धुर्वे शनिवार सुबह अपने खेत पहुंचे। खेत में बने कुएं में किसी मृत जीव के दिखाई देने पर उन्होंने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी डी.सी. वासनिक अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच में पता चला कि कुएं में पड़े अवशेष एक वयस्क नर भालू के हैं, जिसके शरीर के कई टुकड़े कर कुएं में फेंक दिए गए थे। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीओ, डीएफओ एवं सीसीएफ को अवगत कराया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर डॉग स्क्वॉड की टीम भी मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए गए। वन विभाग द्वारा शव बाहर निकालने पर पाया गया कि भालू का सिर धड़ से अलग था, चारों पैर काट दिए गए थे तथा आगे के दोनों पैरों के नाखून भी गायब थे। शव लगभग छह से सात टुकड़ों में मिला, जिससे शिकार के बाद साक्ष्य मिटाने की कोशिश की आशंका जताई जा रही है। अधिकारियों के अनुसार शव दो से तीन दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में पंचनामा कार्रवाई पूरी करने के बाद पशु चिकित्सकों द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया और वन्यजीव के शव का अंतिम संस्कार किया गया। वन विभाग ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी तथा दोषियों को जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

# जिले में बीते 24 घंटे में 28 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड

**नवभारत, बालाघाट।** चालू वर्षा सत्र में बालाघाट जिले में 1 जून से 05 जुलाई 2026 तक कुल 251 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 211 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्य वार्षिक वर्षा 1447 मिलीमीटर निर्धारित है। जिले में 01 जून से 05 जुलाई तक 304 मिली मीटर वर्षा हो जाना चाहिए।

कार्यालय अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 05 जुलाई को प्रातः 8 बजे समाप्त हुए पिछले 24 घंटों के दौरान जिले में 28 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई है। इस अवधि में बालाघाट तहसील में 34 मिलीमीटर, वारासिवनी में 38 मिलीमीटर, बैहर में 72 मिलीमीटर, लांजी में 15 मिलीमीटर, कटंगी में 03 मिलीमीटर, किरनापुर में 24 मिलीमीटर, खैरलांजी में 26 मिलीमीटर, लालबर्रा में 17 मिलीमीटर, बिरसा में 24 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 28 मिलीमीटर तथा तिरोड़ी में 30 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

चालू वर्ष में 01 जून से 05 जुलाई 2026 तक सबसे अधिक 401 मिलीमीटर वर्षा वारासिवनी तहसील में दर्ज की गई है, जबकि सबसे कम 103 मिलीमीटर वर्षा बिरसा तहसील में रिकॉर्ड की गई है। इस अवधि में बालाघाट तहसील में 389 मिलीमीटर, बैहर में 332 मिलीमीटर, लांजी में 199 मिलीमीटर, कटंगी में 140 मिलीमीटर, किरनापुर में 339 मिलीमीटर, खैरलांजी में 134 मिलीमीटर, लालबर्रा में 272 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 231 मिलीमीटर एवं तिरोड़ी में 221 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

वर्ष 2025 में इसी अवधि के दौरान बालाघाट तहसील में 332 मिलीमीटर, वारासिवनी में 239 मिलीमीटर, बैहर में 316 मिलीमीटर, लांजी में 119 मिलीमीटर, कटंगी में 69 मिलीमीटर, किरनापुर में 265 मिलीमीटर, खैरलांजी में 61 मिलीमीटर, लालबर्रा में 269 मिलीमीटर, बिरसा में 268 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 295 मिलीमीटर तथा तिरोड़ी में 86 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई थी।

# हरी खाद ढेंचा की खेती से मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने की पहल

### कृषि विभाग ने किया फसल का निरीक्षण

**नवभारत, बालाघाट।** कृषि विभाग द्वारा जिले में प्राकृतिक एवं टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किसानों को हरी खाद के रूप में ढेंचा (ढैंचा) की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी क्रम में लांजी विकासखंड के ग्राम मोहझरी के कृषक श्री पूरनलाल अवसरे के खेत का कृषि विभाग द्वारा निरीक्षण किया गया।

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार विभाग द्वारा श्री अवसरे को हरी खाद के लिए ढेंचा का बीज उपलब्ध कराया गया था। किसान ने इस बीज का उपयोग करते हुए अपने लगभग दो एकड़ क्षेत्र में ढेंचा की बुवाई की। 4 जुलाई को कृषि विस्तार अधिकारी ने खेत का निरीक्षण कर फसल की स्थिति का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि ढेंचा की फसल में अच्छी बढ़वार (ग्रोथ) हुई है और पौधे स्वस्थ एवं सघन अवस्था में हैं। अधिकारियों ने इसे हरी खाद की खेती का अच्छा उदाहरण बताते हुए किसान की सराहना की।

कृषि विस्तार अधिकारी ने किसान श्री पूरनलाल अवसरे को ढेंचा की फसल से हरी खाद तैयार करने के साथ-साथ ढेंचा बीज उत्पादन करने की भी सलाह दी। उन्होंने बताया कि बीज उत्पादन से किसान को अतिरिक्त आय प्राप्त हो सकती है, वहीं क्षेत्र के अन्य किसानों को भी गुणवत्तापूर्ण स्थानीय बीज उपलब्ध कराया जा सकेगा। अधिकारियों ने बताया कि ढेंचा एक उत्कृष्ट हरी खाद फसल है, जिसे खेत में पलटने से मिट्टी में जैविक पदार्थ एवं नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ती है। इससे भूमि की उर्वरता, जल धारण क्षमता और मिट्टी की संरचना में सुधार होता है, जिसके परिणामस्वरूप आगामी फसलों की उत्पादकता बढ़ाने में सहायता मिलती है। साथ ही रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता भी कम होती है।

कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे हरी खाद की फसलों को अपनाकर मृदा स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में योगदान दें तथा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और तकनीकी मार्गदर्शन का अधिक से अधिक लाभ उठाकर टिकाऊ एवं लाभकारी खेती की ओर कदम बढ़ाएं।

### जॉब कार्डधारी परिवारों को मिलेगा 125 दिन का रोजगार

**शहपुरा।** आकांक्षी विकासखंड मेहंदवानी के जनपद पंचायत परिसर में विकसित भारत-जीराम-जी योजना का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक ओमप्रकाश धुर्वे के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर नवीन जनपद पंचायत भवन निर्माण का भूमिपूजन भी किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, सरपंचों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक धुर्वे ने कहा कि प्रत्येक जॉब कार्डधारी परिवार को 125 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

# भाजपा कार्यालय वारासिवनी में डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म विषय पर कार्यशाला

**नवभारत, वारासिवनी।** भाजपा कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत नगर मण्डल की कार्यशाला आयोजित की गयी। जिसमे विशेष रूप से पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, विधानसभा प्रभारी जितेंद्र मोहारे,प्रभारी अभय कोचर,वरिष्ठ नेता निरंजन बिसेन,रिधनलाल चौहान,न पा अध्यक्ष श्रीमती स्मिता जायसवाल, न पा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दादरे आदि,मण्डल अध्यक्ष सन्दीप मिश्रा आदि उपस्थित भी रहे।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेताओं ने मण्डल के सभी पदाधिकारियों,प्रमुख कार्यकर्ताओ को प्रशिक्षण देते हुए बताया की पार्टी द्वारा कार्यकर्ताओं के लिए एक डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म Digital Learning Platform और [illegible] लॉन्च किया गया है।

इसका उद्देश्य डिजिटल माध्यम से कार्यकर्ताओं को पार्टी के इतिहास, पंचनिष्ठाओं, नमो ऐप (NaMo App) और सरकार की उपलब्धियों से प्रशिक्षित करना है।अभियान की प्रमुख विशेषताएं और प्रक्रिया यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'डिजिटल इंडिया' विजन को संगठन की कार्यपद्धति से जोड़ता है।साथ ही इसका उद्देश्य प्रशिक्षित कार्यकर्ता, सशक्त संगठन' के नारे के तहत कार्यकर्ताओं को वैचारिक स्पष्टता प्रदान करना भी है।

अभियान की विशेषता यह भी है की डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पार्टी का इतिहास, विचारधारा, विकासकारी नीतियां (जैसे 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य) और सरकार की उपलब्धियां शामिल है। साथ ही। मॉड्यूल या पाठ्यक्रम पूरे करने और मूल्यांकन प्रश्नों के सही उत्तर देने के बाद कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्रमाणपत्र प्रदान किया जाता है।

प्रशिक्षण के दौरान डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म की प्रभारी श्रीमती विजेता सोनेकर, श्रीमती तुलसी शर्मा,श्रीमती कोमल व्यास के कार्यो की सराहना करते हुए सभी को प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विशेष रूप से नगर मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा,महामंत्री प्रवीण खरोले,राजीव गोयल,शैलेंद्र तिवारी, संतोष आड़े मिथलेश बुरड़े,शशांक डोंगरे पप्पू हरिनखेडे ,बंटी पारधी,सुनील बिसेन,शैलेन्द्र सेठी,युगल किशोर सोलकिया, प्रवीण रूसिया ,आलोक खरे ,मोनू लिमजे ,मनोज दादरे, नंदू पारे,हरिओम दुबे ,बाली देशपांडे, चिरोंजी पारधी, वाय कर पारधी,सूर्यभान पुशाम सरपंच,राजेश ठाकरे, प्रीति सन्तोष शिव, पप्पू हरिनखेडे, दीपक जैन,शैलेश पारधी, धर्मेंद्र जोशी,मदन धार्मिक श्रीमती ललिता लोकेश ठाकरे पार्षद आदि उपस्थित भी रही।



# बाघ के हमले में ग्रामीण चरवाहा घायल


**चिल्हारी नवभारत।** जिले के बांधवगढ़ टाइगर के मानपुर उपवन मंडल अंतर्गत खिचकिड़ी बीट में गत दिवस बाघ के हमले मे एक ग्रामीण घायल हो गया। घायल की पहचान मोतीलाल यादवके रूप मे हुई है। जानकारी के अनुसार मोतीलाल यादव पिता मुन्ना यादव 45 मवेशी चराने जंगल गये थे। इसी दौरान बाघ ने उन पर हमला कर दिया, जिससे उनकी गर्दन के पीछे पंजों से चोट आई। घटना के बाद वन विभाग की टीम ने तत्काल उन्हें शासकीय वाहन से उपचार के लिए शहडोल मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत फिलहाल नियंत्रण में है।

**सुरक्षा संबंधी सावधानियों का पालन करें**-वन विभाग ने क्षेत्र के ग्रामीणों और चरवाहों से अपील की है कि बाघ एवं अन्य हिंसक वन्यजीवों की मौजूदगी वाले क्षेत्रों में प्रवेश नहीं करें और सुरक्षा संबंधी सावधानियों का पालन करें।

समारोह | सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को दी विदाई

# विदाई नहीं, समाज सेवा की नई शुरुआत





**नवभारत कटंगी 6 जुलाई।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय से संबद्ध मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम (सीएमसीएलडीपी) के अंतर्गत अध्ययनरत बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के सम्मान में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा रविवार को शहर के राजा भोज शासकीय महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में विदाई एवं वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया।

भावनाओं, उत्साह और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर इस आयोजन ने विद्यार्थियों की दो वर्षीय शैक्षणिक यात्रा को अविस्मरणीय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विकासखंड समन्वयक सुरेंद्र भगत, अभ्युदय सामाजिक विकास संस्था के अध्यक्ष संदीप शर्मा, परामर्शदाता अरविंद दरवड़े, राज ब्यौत्रा, अंजू डोंगरे एवं शालू राऊत द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

**नृत्य, गायन व समूह प्रस्तुतियों ने मन मोहा**-समारोह में छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। नृत्य, गायन, समूह प्रस्तुतियों एवं प्रेरणादायी गीतों ने पूरे सभागार को उत्साह और तालियों की गूंज से भर दिया। कार्यक्रम के प्रत्येक प्रस्तुतीकरण ने विद्यार्थियों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता का परिचय दिया। विदाई के भावुक क्षणों में अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने अपने दो वर्षों के अनुभव साझा किए। विदाई का यह अवसर विद्यार्थियों के लिए अंत नहीं, बल्कि समाज परिवर्तन की नई यात्रा का प्रेरणादायी प्रारंभ बन गया।